बाढ़ - जानवर और कीट संबंधी खतरे

इस संबंधी जानकारी कि बाढ़ के बाद जानवरों और कीटों से कैसे निपटें

Hindi | हिन्दी

OFFICIAL

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में लौटते समय, हो सकता है कि चूहे, सांप या मकड़ियों सहित जंगली जानवर, आपके घर, शेड या बगीचे में फंसे हों।

सांपों के साथ निपटना

- बाहरी क्षेत्रों में होते समय:
  - ✓ मज़बूत जूते, दस्ताने और अपनी टांगों की सुरक्षा करने के लिए लम्बी पैंट पहनें
  - ✓ बाढ़ के बाद सफाई करते समय अपने हाथों और पैरों पर अतिरिक्त ध्यान दें
  - ✓ यदि आपको कोई सांप दिखाई दे तो पीछे हट जाएं और उसे अपने रास्ते पर जाने दें - उसे स्पर्श न करें
  - ✓ पानी में तैरते सांपों से सावधान रहें
  - ✓ आपको अपने घर के आसपास से कचरा हटा देना चाहिए क्योंकि यह सांपों, मकड़ियों और चूहों आदि को आकर्षित कर सकता है।

- अगर आपको अपने घर में सांप मिल जाए तो घबराएं नहीं, धीरे-धीरे उससे पीछे हटें और उसे अपने रास्ते पर आगे बढ़ने दें। इसे छुएँ नहीं। अपने क्षेत्र में सांप पकड़ने वालों की सूची के लिए पर्यावरण, भूमि, जल एवं नियोजन विभाग (Department of Environment, Land, Water and Planning) को 136 186 पर कॉल करें।
- यदि आपको सांप काट ले तो:
  - ✓ काटने के आसपास की त्वचा को धोएँ नहीं
  - ✓ स्थिर बने रहें और 000 पर फोन करके तात्कालिक चिकित्सीय सहायता लें
  - ✓ लेट जाएँ या इस तरह बैठें कि काटने का स्थान आपके दिल के स्तर से नीचे हो।
  - ✓ क्षेत्र को साफ और शुष्क पट्टी से ढकें। काटने वाले क्षेत्र के चारों ओर एक मजबूत पट्टी (बैंडेज़), यदि उपलब्ध हो तो, लगाने का सुझाव भी दिया जाता है।
  - ✓ काटने का समय और बैंडेज़ लगाने का समय नोट करें
  - ✓ टूनिकेट न लगाएँ, विष निकालने के लिए काटे गए स्थान पर चीरा न लगाएँ या घाव से विष चूसकर बाहर निकालने की कोशिश न करें।

मकड़ियों से निपटना

- यदि आपको किसी मकड़ी द्वारा काटा जाता है तो:
  - ✓ क्षेत्र को धोएँ और दर्द के साथ सहायता के लिए आइस पैक का प्रयोग करें
  - ✓ दबाव न डालें
  - ✓ यदि आपको रेडबैक स्पाइडर ने काट लिया है या यदि आपके लक्षण बिगड़ जाते हैं, तो तुरंत चिकित्सीय सहायता लें।

चूहों आदि और कीटों से निपटना

- छूटे और बड़े चूहे रोग पारित करते हैं। आपको खाद्य पदार्थ और अन्य वस्तुएँ हटानी चाहिए जो चूहों को शरण प्रदान कर सकती हैं।
- कूड़ा हटाएँ और कूड़ेदान के ऊपर ढक्कन रखें। ज़रूरत पड़ने पर सूखे क्षेत्रों में चूहे पकड़ने के जाल बिछाएँ।
- रुके हुए पानी से दूर रहें क्योंकि इनमें मच्छर पनपते हैं। जितना संभव हो सके, अपना शरीर ढकें और मच्छर निरोधक का प्रयोग करें।
- मक्खियाँ रोग पारित करती हैं। भोजन संबंधी कूड़े को तुरंत साफ करें क्योंकि यह मक्खियों के पनपने का स्थान होता है।
- यदि आपको किसी जानवर ने काटा है या चोट पहुँचाई है अथवा आपको किसी कीट ने काटा है तो अपने डॉक्टर से सलाह लें या नर्स-ऑन-कॉल को दिन में 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन 1300 60 60 24 पर कॉल करें।

यह प्रकाशन एक सुलभ फॉर्मेट में प्राप्त करने के लिए, pph.communications@health.vic.gov.au पर ई-मेल करें।